
# RAMBHA COLLEGE OF EDUCATION


# ANNUAL REPORT 2020 - 2021

# CONTENT


| क्रम संख्या | कार्यक्रम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आरंभ डिजीफेस्ट 2.0 की ऑनलाइन प्रतियोगिता संपन्न | 4-5 |
| 2 | स्वाधीनता दिवस | 6-7 |
| 3 | शिक्षक दिवस | 8-9 |
| 4 | महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती | 10-11 |
| 5 | गणतंत्र दिवस | 12-13 |
| 6 | सरस्वती पूजा | 14-15 |
| 7 | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन | 16-17 |
| 8 | मातृ दिवस का ऑनलाइन आयोजन | 18-19 |
| 9 | योगा दिवस | 20-21 |
| 10 | आंतरिक परीक्षा | 22-23 |

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता




आरंभ डिजीफेस्ट 2.0 की ऑनलाइन प्रतियोगिता संपन्न

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : आरंभ डिजीफेस्ट 2.0 की ऑनलाइन प्रतियोगिता संपन्न।
## दिनांक : 13 से 14 अगस्त, 2020

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज आरंभ 2.0 की ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रति वर्ष किया जाता है ताकि विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों और विधाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके । इस दो दिवसीय ऑनलाइन आयोजन में प्रतियोगिता थी सुर श्रृंगार ,शब्द अलंकार, किस्सा का हिस्सा और रोल प्ले।


इस ऑनलाइन कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं ने समवेत स्वर में सरस्वती वंदना का गायन किया। तत्पश्चात महाविद्यालय के सचिव गौरव कुमार बच्चन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह उत्सव हम सबों को तकनीक के साथ सामंजस्य बिठाकर चलने में भी मदद करेगा और साथ ही हम साहित्य और अपनी संस्कृति से जुड़े रहें, इस बात के लिए भी हमें प्रेरित करेगा ।

प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया और कहा कि एक स्वस्थ प्रतियोगिता का विकास विद्यार्थियों के आत्मविश्वास के लिए जरूरी है और साथ ही जरूरी है कि हम तकनीक के साथ भी जुड़े रहकर अपने आप को अभिव्यक्त करना सीखें।

कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन जी ने कहा कि विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ–साथ इस तरह के भी मंच प्रदान किए जाते हैं ताकि वो समय के साथ साथ आगे बढ़ें।

इस कार्यक्रम के संयोजन में व्याख्याता रश्मि लुगून, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सतीश यादव, व्याख्याता सूरज कुमार, सिद्धार्थ चटर्जी, कमलकांत,राधे इत्यादि की सराहनीय भूमिका रही।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता




स्वाधीनता दिवस

## कार्यक्रम – स्वाधीनता दिवस
## दिनांक– 15 अगस्त, 2020


रंभा कॉलेज के प्रांगण में स्वाधीनता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्यों और व्याख्यातागणों के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया गया । कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रगान की स्वर लहरियों और तिरंगा के आरोहण के साथ किया गया।


तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन जी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना किसी भी व्यक्ति के हृदय के लिए सबसे अनिवार्य आभूषण होता है। जिस व्यक्ति के मन में अपने देश के प्रति सम्मान नहीं है वह मनुष्य नहीं है।

विद्यार्थियों और व्याख्यातागणों को संबोधित करते हुए सचिव श्री गौरव कुमार बचन जी ने भी कहा कि आज के युवा वर्ग अपने राष्ट्र के लिए एक समृद्ध मानव संपदा की तरह काम करें और अपने राष्ट्र को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अपने हिस्से की भागीदारी निभाएं।

कॉलेज की छात्राओं ने ऑनलाइन देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ योगेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शिव प्रकाश पटेल , व्याख्याता जय श्री पंडा, व्याख्याता गंगा भोला, व्याख्याता रश्मि लुगून, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार वर्मा इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता




शिक्षक दिवस

## कार्यक्रम –– शिक्षक दिवस
## दिनांक –– 05 सितम्बर, 2020


रंभा कॉलेज के प्रांगण में सभी प्रशिक्षु विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का आरंभ भारत के पहले शिक्षा मंत्री सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया।


तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन जी ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति में गुरु प्रणम्य हैं। हम सभी को इस संबंध की गरिमा को बनाये रखना चाहिए।

विद्यार्थियों और व्याख्यातागणों को संबोधित करते हुए सचिव श्री गौरव कुमार बचन जी ने भी कहा कि आज के युवा वर्ग अपने गुरु का सम्मान करें और अपने राष्ट्र के लिए एक समृद्ध मानव संपदा की तरह काम करें, अपने राष्ट्र को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अपने हिस्से की भागीदारी निभाएं।

कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और गीत नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश, असिस्टेंट प्रोफेसर सतीश चंद्र, असिस्टेंट प्रोफेसर भूपेश यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ योगेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शिव प्रकाश पटेल ,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार वर्मा , एच ओ डी अमित रंजन चक्रवर्ती, श्रेया चक्रवर्ती इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम —— महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती
## दिनांक —— 2 अक्टूबर 2020

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज शिक्षकों और विद्यार्थियों ने गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती का आयोजन किया। कार्यक्रम का आरंभ महात्मा गांध ी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस बीच विद्यार्थियों के बीच महात्मा गांधी और शास्त्री जी के संदेश और उनके जीवनी के बारे में बातचीत की गई । प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि गांधी जी का जीवन दर्शन और उनके विचारों का अनुसरण करके और सत्य और अहिंसा के बल पर ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। हमारी भी कोशिश होनी चाहिए कि हम सकारात्मक तरीके से परिवर्तन की बात करें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ योगेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रम, असिस्टेंट प्रोफेसर शिव प्रकाश पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर मुनार, व्याख्याता रश्मि लुगून , व्याख्याता सुमन लता, व्याख्याता बबीता कुमारी, व्याख्याता अमृता सुरेन ,व्याख्याता जय श्री पांडा , व्याख्याता गंगा भोला, सूरज कुमार, जनकराज अन्ना, कमलकांत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।
व्याख्यातागण जयश्री पांडा ने भी गांधी जी के जीवनी से संबंधित कुछ प्रेरक घटनाओं और कहानियों की चर्चा विद्यार्थियों से की।
छात्राओं ने वैष्णव जन तो तेने कहिए৳ गीत को मधुर स्वर देकर सबके सामने प्रस्तुत किया।




गणतंत्र दिवस

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम –– गणतंत्र दिवस
## दिनांक –– 26 जनवरी, 2021

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में आज गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ और गर्व के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन जी के द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया ।तत्पश्चात ष्जन गण मनष की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण गुंजित हो गया । विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन श्री राम बचन ने कहा कि देश भक्ति की भावना सबसे पवित्र भावना है और हर किसी के ह्रदय में इसका समावेश जरूरी है। महाविद्यालय इस शुभ अवसर पर यही अपेक्षा करता है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्र के विकास में अपना सर्वस्व योगदान दें।

सचिव गौरव कुमार बचन ने कहा कि व्यक्ति कितना भी सफल हो जाए और उपलब्धियों को प्राप्त कर ले पर यदि वह समाज और राष्ट्र के लिए कुछ सकारात्मक कार्य नहीं करता है तो फिर उसका जीवन व्यर्थ कहा जाएगा इसलिए हम सबों को अपने राष्ट्र के उत्थान के लिए यथासंभव प्रयास करना चाहिए।

प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रप्रेम और राष्ट्र के प्रति समर्पण किसी भी व्यक्ति की सबसे पहली और बड़ी विशेषता है।

विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से समाज की कुरीतियों और उसका नाश करने की आवश्यकता का संदेश दिया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन समिति सदस्य विवेक बचन, एच ओ डी अमित रंजन चक्रवर्ती, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गुंजन लाल पटेल, डॉक्टर विक्रम, डॉक्टर सतीश चंद्र, डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉ रामानंद यादव , डॉ शिव प्रकाश पटेल, व्याख्याता गंगा भोला, व्याख्याता रश्मि लुगून, सूरज कुमार, श्रेया चक्रवर्ती, जनकराज , कमलकांत इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





सरस्वती पूजा

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम –– सरस्वती पूजा
## स्थान –– कॉलेज प्रांगण
## दिनांक –– 16 फरवरी, 2021

सरस्वती पूजा के अवसर पर कॉलेज के प्रांगण में पूरे विधि विधान के साथ मां वीणा वादिनी की पूजा की गई। इस पूजन कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन, सचिव श्री गौरव कुमार बचन , अध्यक्षा श्रीमती रंभा बचन और विवेक कुमार बचन जी भी उपस्थित रहे। साथ ही कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संतोष कुमार यादव और सभी व्याख्याता गणों की भी उपस्थिति रही । पंडित जी की उपस्थिति में पूजा पूरे विधि विधान से संपन्न हुई। इस पूजन अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों की भी उपस्थिति रही।


सबसे पहले मां वीणा वादिनी की पूजा की गई और उसके पश्चात सरस्वती मां की वंदना भी प्रस्तुत की गई।

अंत में सभी लोगों ने भोग और प्रसाद को ग्रहण किया।

चेयरमैन श्री राम कुमार बचन ने कहा कि महाविद्यालय में धर्म , भारतीय परंपरा और संस्कृति को भी बहुत महत्व दिया जाता है और समय–समय पर पूजा अर्चना करने से विद्यार्थियों में भी अपने संस्कार और संस्कृति के प्रति सम्मान करने की भावना जागृत होती है। इस पूजा को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार, एचओडी अमित रंजन चक्रवर्ती ,असिस्टेंट प्रोफेसर रवीन्द्र प्रताप, व्याख्याता गंगा भोला , व्याख्याता रश्मि लुगून, डॉ दिनेश कुमार यादव, डॉ गोपेश, डॉक्टर सतीश कुमार ,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मुंडारी,श्रेया चक्रवर्ती, सूरज कुमार, जनकराज, कमल कांत जी, सिद्धार्थ जी इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अगले दिन पूरे विधि विधान से मां सरस्वती की प्रतिमा को विसर्जित कर दिया गया।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन


# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन।
## दिनांक : 8 मार्च, 2021

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मनाया गया । इस समारोह का आरंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे महाविद्यालय के सचिव श्री गौरव बचन, बी एड प्राचार्य डॉ संतोष कुमार और प्रबंधन समिति के सदस्य श्री विवेक बचन ।
इस समारोह को संबोधित करते हुए सचिव गौरव बचन ने कहा कि इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम है कि हम किस तरह नए विचार और तकनीक के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा दे सकें । जरूरी है कि हम इस विचार को अपने व्यवहार में भी उतारें। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने कहा कि हमारे वेदों में भी महिलाओं को शक्ति का रूप माना गया है ।आवश्यकता यह है कि हम महिलाएं भी अपने अंदर की शक्ति को पहचानें, अपनी पहचान सशक्त करें और अपने अस्तित्व को समृद्ध करें । समारोह को बी एड विभाग के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर भूपेश, डॉक्टर दिनेश और डॉक्टर सतीश चंद्र ने भी संबोधित किया ।

छात्राओं ने सशक्त महिलाओं को चित्रित करते हुए उनकी ही वेशभूषा में उनके विचारों की प्रस्तुति की ।
कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी व्याख्याता गणों का सराहनीय योगदान रहा । इस अवसर पर अध्यक्ष रामबचन और अध्यक्षा रंभा देवी ने भी अपनी शुभकामनाएं सभी विद्यार्थियों को और व्याख्याता गणों को प्रेषित की ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में
व्याख्याता रश्मि लुगून, व्याख्याता गंगा भोला, व्याख्याता बबीता कुमारी, व्याख्याता सुमनलता, व्याख्याता जयश्री पंडा, व्याख्याता अमृता सुरेन, व्याख्याता सूरज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।





मातृ दिवस का ऑनलाइन आयोजन


# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

**कार्यक्रम : मातृ दिवस का ऑनलाइन आयोजन।**
**दिनांक : 13 मई, 2021**

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज मातृ दिवस का गूगल मीट पर ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर महाविद्यालय के चेयरमैन राम बचन , सचिव गौरव बचन, बी एड के प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार थे।
चेयरमैन रामबचन जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि माँ की गरिमा से ही हमारी पहचान है। हम मातृ ऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकते प्राचार्य डॉक्टर संतोष कुमार ने कहा कि ' माँ शब्द लघु है पर भावनाओं का विस्तृत सागर है इसमें एचओडी अमित मुखर्जी ने भी अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया।
हिंदी कविता के माध्यम से और अंग्रेजी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों ने मातृ प्रेम पर कवितायें प्रस्तुत किया। इस आयोजन में डॉक्टर भूपेश चंद ,डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉक्टर रेखा यादव और सभी व्याख्यातागण उपस्थित हुए।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता




योगा दिवस

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : योगा दिवस।
## दिनांक : 21 जून, 2021


रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर ऑनलाइन सभी व्याख्याता गणों और विद्यार्थियों के द्वारा योगाभ्यास किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने कहा कि योग का अभ्यास सिर्फ हमारी सेहत के लिए ही नहीं , बल्कि हमारे मन के लिए भी लाभप्रद है।


योग के द्वारा हम मानवता की सेवा कर सकते हैं ।

एच ओ डी डॉ अमित रंजन ने योगाभ्यास के दौरान हर किसी को ताड़ासन, शीर्षासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम ,कपालभाती, ध्यान इत्यादि का अभ्यास कराया। कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन जी ने कहा कि हम सबों को प्रतिदिन योग का अभ्यास करना चाहिए। योग के अभ्यास से हम बहुत सारी बीमारियों से बच सकते हैं। जरुरी है कि हम सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि सालों भर योग का अभ्यास करें।

इस दौरान सचिव गौरव बचन, प्रबंधन समिति सदस्य विवेक बचन, रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के व्याख्यातागण डॉ शिव प्रकाश पटेल, डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर कुंजन लाल पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर योगेश सिंह, व्याख्याता रश्मि लुगून, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ भूपेश चंद्र , व्याख्याता रश्मि लुगून, सूरज कुमार, जनकराज अन्ना, कमलकांत इत्यादि ने भी विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता




आंतरिक परीक्षा

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

**कार्यक्रम : आंतरिक परीक्षा**
**दिनांक : 23 जुलाई, 2021**

रंगा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सत्र 2018 – 20 के विद्यार्थियों के लिए आंतरिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। परीक्षा कक्ष में अनुशासन का वातावरण कायम रहा और साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का उद्देश्य बताते हुए कॉलेज के चेयरमैन रामबचन जी ने कहा कि मूल्यांकन की प्रक्रिया से ही व्याख्याता प्रत्येक विद्यार्थी के शैक्षणिक स्तर को समझ पाएंगे और उसके अनुसार उनको और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर पाएंगे।

सचिव गौरव कुमार बचन ने कहा कि मूल्यांकन की प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता रहती है और साथ ही अनुशासन का भी और वैधता विश्वसनीयता का भी ख्याल रखा जाता है।

इस आंतरिक परीक्षा के सफल आयोजन में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर कुंजन लाल पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रम, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार, व्याख्याता गंगा भोला, व्याख्याता रश्मि लुगून इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# RAMBHA COLLEGE OF EDUCATION

9102999123, 9102999124 contact.rambha@gmail.com rambhacollege.in

CAMPUS@ GITILATA, TATA HATA MAIN ROAD, JAMSHEDPUR